Publication : Rajasthan Patrika	Edition : New Delhi
Date : April 01, 2019	Page: 14

आज से : तीन सरकारी बैंकों का विलय प्रभावी

आज से बीओबी का हिस्सा होंगी देना, विजया बैंक की शाखाएं

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

मुंबई. बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) में देना बैंक और विजया बैंक का विलय एक अप्रैल से प्रभावी होने के साथ ही सोमवार से इन दोनों बैंकों की शाखाएं बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखाओं के रूप में काम करने लगेंगी। रिजर्व बैंक ने शनिवार को इस बाबत जानकारी दी। रिजर्व बैंक के मुताबिक विजया बैंक और देना बैंक के ग्राहक अब बैंक ऑफ बड़ौदा के ग्राहक हो जाएंगे। देना बैंक और विजया बैंक के बैंक ऑफ बड़ौदा में विलय के बारे में पिछले साल सितंबर में ही निर्णय हो चुका हैं लेकिन यह निर्णय एक अप्रैल 2019 से प्रभावी होगा।